2604340

M – 2020

Register Number : | | | | | | |

Subject Code : **03 (NS)**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of questions : 49] [Max. Marks : 100

*सूचनाएँ :* *1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।*

*2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना आवश्यक है।*

I. अ) **एक** शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **(6 × 1 = 6)**

1) सुजान के बड़े बेटे का नाम लिखिए।

2) कर्तव्य करने से क्या बढ़ता है?

3) असली झगड़ा किसके बारे में है?

4) 'एक कहानी यह भी' की लेखिका कौन हैं?

5) माँ के सब जेवर क्यों बिक गए थे?

6) फाइल में से किसकी आवाज आयी?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 × 3 = 9)**

7) सुजान भगत पेड़ के नीचे बैठ कर क्या सोचता है?

8) समाज में कौन–कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं?

9) विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए।

10) भोलाराम की पत्नी ने नारद से क्या बिनती की?

11) 'टपस' के पुस्तकालय के बारे में लिखिए।

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? (4 × 1 = 4)

12) 'बाबा इतना मुझसे उठ न सकेगा'।

13) 'आइ एम रिअली प्राउड आफ़ यू'।

14) 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद हैं'।

15) भोलाराम का जीव कहाँ है?

आ) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : (2 × 3 = 6)

16) अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें।

17) 'जिधर देखो उधर कर्तव्य ही कर्तव्य देख पड़ते हैं'।

18) जानती नहीं, साहब खुश होगा, तो मुझे तरक्की मिलेगी'?

19) 'यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे है'।

III. अ) **एक** शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : (6 × 1 = 6)

20) अंग-अंग में किसकी सुगंध समा गई है?

21) चिंता किसे जलाती है?

22) माँ और बेटी एक दूसरे के लिए क्या बनते हैं?

23) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है?

24) देश को किससे बचाना हैं?

25) कवि के अनुसार क्या शर्त थी?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

26) गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती है?

27) जीवन की सार्थकता किसमें है?

28) गहने कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है?

29) हरियाणा की सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : (2 × 4 = 8)

30) i) ऐसा चाहो राज में,
जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा-बड़ो सभ सम बसै,
रैदास रहै प्रसन्न।।

अथवा

ii) अति अगाधु अति औथरौ, नदी, कूप, सरु बाइ।
सो ताकौ सागरु जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ।।

31) i) देखने वालों को लगता है सुंदर देता है आनंद;
मगर मुझे बनता है बड़ा बंधन!

अथवा

ii) सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए।

IV. अ) **एक** शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : (5 × 1 = 5)

32) नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए?

33) हल्की सी खरोंच भी दवा न लगने पर क्या बन जाती है?

34) किसे दूसरों का हस्तक्षेप और आलोचना पसंद नहीं है?

35) संस्कृत के महाकवि कौन हैं?

36) पुत्र को कौन निर्वासित कर सकता है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 × 5 = 10)**

37) i) दादा जी के 'बडप्पन' के संबंध में क्या विचार थे?

अथवा

ii) बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती थी?

38) i) शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा?

अथवा

ii) प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : **(4 × 1 = 4)**

39) i) मन में ऐसा शक्ति है।

ii) तुम तुम्हारे धर्म का पालन करो।

iii) उसे दिखावा नहीं रुचती है।

iv) मनुष्य के जीवन कर्तव्य से भरा पड़ा है।

आ) कोष्टक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : **(4 × 1 = 4)**
(की, के, को, में)

40) i) बैंगलूर ___________ खर्च चलाना मुश्किल था।

ii) विश्वेश्वरय्या समय ___________ बड़े पाबंद थे।

iii) संध ————— बहुत बड़ा भाग रेगिस्तान है।

iv) पानी ————— इकट्ठा करना था।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : **(3 × 1 = 3)**

41) i) झूठे से सभी घृण करते हैं। (भविष्यत् काल में बदलिए)

ii) वह मेरी किताब की चोरी करता है। (भूतकाल में बदलिए)

iii) हमारा जीवन सदा अनेक कार्यों में व्यस्त रहेगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **(4 × 1 = 4)**

| | |
|---|---|
| 42) i) कमर सीधी करना | a) हार जाना |
| ii) मुँह की खाना | b) कठिण परिश्रम करना |
| iii) दम न लेना | c) आराम करना |
| iv) नाम जगाना | d) कीर्ति पाना |

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : **(3 × 1 = 3)**

43) i) पिता

ii) महाराजा

iii) स्त्री

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द बनाइए : **(3 × 1 = 3)**

44) i) जिसका आदि न हो।

ii) सदा सत्य बोलने वाला।

iii) जो परिचित न हो।

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : (2 × 1 = 2)

45) i) धर्म

ii) सत्य

ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : (2 × 1 = 2)

46) i) पागलपन

ii) धनवान

VI. अ) **किसी एक** विषय पर निबंध लिखिए : (1 × 5 = 5)

47) i) a) किसी ऐतिहासिक स्थान की यात्रा।

b) पुस्तकालय।

c) आपका प्रिय कवि।

अथवा

ii) परीक्षा-शुल्क भरने के लिए 500 रुपए माँगते हुए अपने पिता के नाम पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5 × 1 = 5)

48) काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परम्परा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते थे। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक

समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार थी। वे जब भी काशी से बाहर रहते तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते, थोडी देर ही सही, मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता और भीतर की आस्था रीड़ के माध्यम से बजती थी। खाँ साहब की एक रीड़ 15 से 20 मिनट के अंदर गीली हो जाती थी, तब वे दूसरी रीड़ का इस्तेमाल कर लिया करते थे।

प्रश्न :

i) काशी की प्राचीन एवं अद्भुत परम्परा क्या हैं?

ii) संकटमोचन मंदिर कहाँ पर स्थित है?

iii) बिस्मिल्ल खाँ की श्रद्धा किसके प्रति अपार थी?

iv) उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ किस वाद्य को बजाते थे?

v) खाँ साहब की एक रीड़ कितने समय में गीली हो जाती थी?

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(5 × 1 = 5)**

49) i) ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಹಲವಾರು ಭಾಷೆಗಳಿವೆ.

There are many languages in India.

ii) ಬೆಂಗಳೂರು ನಗರವು ಕರ್ನಾಟಕದ ರಾಜಧಾನಿ.

Bangalore city is the capital of Karnataka.

iii) ನಾವು ಪರಸ್ಪರ ಪ್ರೀತಿಯಿಂದ ಬಾಳಬೇಕು.

We have to live together with love.

iv) ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಜೀವನವೇ ಸುವರ್ಣಯುಗ.

Student life is the Golden life.

v) ನಿಸರ್ಗ ತುಂಬ ಸುಂದರವಾಗಿದ್ದಾಳೆ.

Nisarga is very beautiful.